भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1696

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग

1696. डॉ. राजीव भारद्वाज:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल संख्या कितनी है और उनकी प्रचालनात्मक स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विगत दस वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है और उक्त कार्य कब तक आरंभ होने की संभावना है;

(घ) प्रस्तावित राजमार्गों के नाम और उनकी लंबाई का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) इन परियोजनाओं पर अनुमानित व्यय का ब्यौरा क्या है और इनके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) हिमाचल प्रदेश राज्य में 19 राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) हैं जिनकी कुल लंबाई 2,607 किलोमीटर है और राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है। चूंकि हिमाचल प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) मुख्य रूप से पहाड़ी/ढ़लान से होकर गुजरते हैं, इसलिए मानसून के दौरान भूस्खलन, पुल के संपर्क मार्ग में दरार आदि के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग को नुकसान होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग की यातायात योग्यता सुनिश्चित करने के लिए इन पर तुरंत ध्यान दिया जाता है।

(ख) जी, नहीं।

मंत्रालय को हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से राज्य की सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित/उन्नत करने के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के लिए मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर कुछ राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने पर विचार करता है।

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

*****